>

Title: Need to set up a Commission to resolve border disputes between States-laid.

श्री दिलीप शइकीया (मंगलदोई): जैसा कि सभी जानते है कि पूर्वोत्तर राज्यों का रणनीतिक और सांस्कृतिक रूप से देश में महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि ये राज्य बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार और चीन जैसे अन्य देशों के साथ अपनी सीमा साझा करते हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने इन राज्यों को अष्टलक्ष्मी कहकर संबोधित किया है जो सम्पूर्ण पूर्वोत्तर राज्यों के लिए एक गौरव का विषय है लेकिन लम्बे समय से चले आ रहे अन्तर्राज्जीय सीमा विवादो के कारण यहां की स्थिति खराब हो रही है। वर्तमान में असम मिजोरम के बीच हुए सीमा विवाद में मिजोरम द्वारा जिस प्रकार असम पुलिस के जवानों और नागरिकों पर हमला कर उनकी हत्या की गयी वैसा पहले भी इस प्रकार की हिंसक झड़पे और हत्याए होती रही है, जिससे स्थानीय निवासियों में भय का माहौल बना रहता है। मैं असम से चुनकर आया हूँ और सदन में हमेशा असम के साथ साथ पूरे पूर्वोत्तर राज्यों के हितों के लिए तत्पर रहता हूँ लेकिन हाल ही में जिस प्रकार असम मिजोरम सीमा में हुई हिंसक झड़प और गोलीबारी से हमारे असम पुलिस के जवानों सहित छह लोगों की हत्या हुई है वो निन्दनीय है और हम इसका विरोध करते हैं। इस घटना से देश की अखण्डता को चोट पहुंची है। मेरा माननीय गृह मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि पूर्वोत्तर राज्यों की लम्बे समय से चल रहे सीमा विवादों को ध्यान में रखकर सभी राज्यों के मुख्यमंत्री को निर्देश जारी करे और इसका स्थायी समाधान निकालने हेतु निश्चित समय सीमा में आयोग बनाकर सीमाओं का निर्धारण कराने हेतु दिशा निर्देश जारी करें जिससे भविष्य में इस प्रकार की हिंसक घटनाओं को रोका जा सकें और स्थानीय निवासियों के हितों और स्वाभिमान की भी रक्षा हो सकें।